हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, गुरुवार, 20 नवंबर 2025

11 खेलों को अपनाएं युवा, राष्ट्र सेवा में दें अपना योगदान: बराला

12 महिला पार्षद की अधिकारियों को धमकी, 15 दिन में काम न हुए तो...


## खबर संक्षेप

### बच्ची से छेड़छाड व मारपीट करने वाला आरोपी काबू

**फतेहाबाद**। शहर के नजदीक गांव में तीन वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ व मारपीट से जुड़े मामले में फतेहाबाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया और बच्ची को उसके माता-पिता के हवाले कर दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को पकडक़र पूछताछ शुरू कर दी है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि गांव में एक तीन वर्षीय बच्ची को आरोपी युवक तरसेम निवासी धांगड़, गलत नियत से घर से उठाकर श्मशान घाट की ओर ले गया तथा उसके साथ मारपीट की।

### पत्नी को प्रताड़ित करने पर पति गिरफ्तार

**फतेहाबाद**। पत्नी को प्रताड़ित करने और बीपीएल कार्ड में उसका नाम कटवाने के मामले में कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने महिला के पति सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अजय कुमार पुत्र रामकुमार निवासी कुकड़ांवाली और उत्तम सिंह निवासी मोहम्मदपुर सोत्तर, भुना के रूप में हुई है।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार महिला घायल

**फतेहाबाद**। शहर की मातूराम कॉलोनी में एक कार की टक्कर से स्कूटी सवार महिला घायल हो गई। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में पुलिस ने घायल महिला की शिकायत पर कार चालक सतीश कॉलोनी निवासी हर्ष टूटेजा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में मातूराम कॉलोनी की रेणुका ने बताया कि वह 16 नवंबर को बाजार गई हुई थी। इसी दौरान हादसा हुआ।

### सड़क दुर्घटना मामले में गाड़ी चालक गिरफ्तार

**फतेहाबाद**। सडक़ हादसे के एक मामले में कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने पिकअप चालक को गिरफ्तार कर वाहन को बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सन्जुराम पुत्र वसुराम निवासी हमजापुर के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि 2 नवंबर को शिकायतकर्ता युवराज सिंह रंधावा निवासी अहरवा ने शिकायत दर्ज करवाई कि 30 अक्टूबर को वह अपने मित्र चरणजीत सिंह, निवासी

### जज लगवाने के नाम पर 40 लाख रुपये हड़पे

**सिरसा**। राजस्थान में जज लगवाने के नाम पर एक युवक से करीब 40 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शिकायतकर्ता युवक जुडीशियल परीक्षा की तैयारी कर रहा था। इस बीच युवक के पिता की एक प्रॉपर्टी डीलर से मुलाकात हुई। प्रॉपर्टी डीलर ने उससे कहा कि उसकी राजस्थान में जान-पहचान है और वह उसके बेटे को जज लगवा देगा।

### चेक बाउंस के मामले में वांछित पकड़ा

**सिरसा**। सिविल लाइन थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चेक बाउंस के मामले में वांछित अमन कुमार को गांव आसाखेड़ा से गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हुआ। इस पर अदालत द्वारा आरोपी को 17 जुलाई 2025 को पी.ओ. घोषित किया। गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया।

---

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 21वीं किस्त जारी

# फतेहाबाद में 76,947 किसानों को 15.39 करोड़ रुपये ट्रांसफर

## पिछले किस्त के मुकाबले लाभार्थी किसानों की संख्या में 5,037 की आई कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद**। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी।

फतेहाबाद के किसानों के खाते में बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 21वीं किस्त ट्रांसफर कर दी गई। इस योजना के तहत आज जिले के 76,947 किसानों को 15.39 करोड़ रुपये की सम्मान राशि सीधे उनके खातों में ट्रांसफर की गई है। इस बार पिछली किस्त की तुलना में किसानों की संख्या में 5037 की कमी आई वहीं 2.68 करोड़ रुपये का कम भुगतान हुआ है। किसानों के लिए आज राष्ट्रस्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु के कोयंबटूर से आयोजित दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन में 18 हजार करोड़ रुपये की 21वीं किस्त ट्रांसफर की जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पलवल में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया। फतेहाबाद में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने किसानों के खाते में राशि डाली। फरवरी 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान निधि योजना के तहत पहली किस्त में फतेहाबाद जिले में 101863 किसानों को 20 करोड़ 37 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए थे। इसके बाद 21वीं किस्त तक पहुंचते-पहुंचते लाभार्थी किसनों की संख्या कम होकर 76947 हो गई है। योजना के तहत दूसरी किस्त को 20 करोड़ 19 लाख, तीसरी किस्त में 99777 किसानों को 19.95 करोड़, चौथी किस्त में 98610 किसानों को 19.72 करोड़, पांचवीं किस्त में 99108 किसानों को 19.82 करोड़ रुपये, छठी किस्त में 97060 किसानों को 19.41 करोड़ रुपये भेजे गए। इसके बाद सातवीं किस्त में 91326 किसानों को 18.26 करोड़, 8वीं किस्त में 90804 किसानों को 18.16 करोड़, 9वीं किस्त में 89541 किसानों को 17.90 करोड़, 10वीं किस्त में 84965 किसानों को 16.99 करोड़, 11वीं किस्त में 74706 किसानों को 14.94 करोड़ का भुगतान किया गया।

### 12वीं किस्त में आधी हो गई थी किसानों की संख्या

12वीं किस्त में किसानों की संख्या शुरूआत के मुकाबले आधी हो गई। इस बार 52723 किसानों को 10.54 करोड़ का भुगतान हुआ। 13वीं किस्त में 70597 किसानों को 14.11 करोड़, 14वीं किस्त में 64179 किसानों को 12.83 करोड़, 15वीं किस्त में 51567 किसानों को 10.31 करोड़, 16वीं किस्त में 40687 किसानों को 8.13 करोड़, 17वीं किस्त में 82272 किसानों को 16.45 करोड़, 18वीं किस्त में 87342 किसानों को 17.46 करोड़, 19वीं किस्त में 90401 किसानों को 18.08 करोड़ तथा 20वीं किस्त में 81984 किसानों को 18.07 करोड़ का भुगतान किया गया।

### पूर्व मंत्री बबली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों के लिए जारी की गई 21वीं किस्त के अवसर पर धारसूल पैक्स में उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और उपस्थित किसानों तथा ग्रामीणों को संबोधित किया। पूर्व मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने इस अवसर पर कहा कि 1 फरवरी 2020 को प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों को निरंतर आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि देश का किसान मजबूत, खुशहाल और समृद्ध बने, क्योंकि जब किसान समृद्ध होता है, तभी राष्ट्र प्रगति करता है। इसी भावना से केंद्र सरकार लगातार कृषि हितैषी योजनाओं का दायरा बढ़ा रही है।

### हरियाणा के किसान बनेंगे समृद्धः बेदी

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त वितरण के लिए डीपीआरसी हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देशभर के किसानों के खातों में डीबीटी माध्यम से 18 हजार करोड़ रुपये की 21वीं किस्त ट्रांसफर की गई है, जो किसानों की आजीविका को सुरक्षा देने की दिशा में एक बड़ी पहल है। इस योजना ने किसानों के जीवन में स्थिरता और आत्मनिर्भरता बढ़ाई है। हरियाणा सरकार निरंतर किसानों को समृद्ध और मजबूत करने का कार्य कर रही हैं। सरकार का लक्ष्य है कि हरियाणा का किसान देश का सबसे समृद्ध किसान बने।

---


**सिरसा**। कृषि विज्ञान केंद्र सिरसा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सुभाष बराला।

# सिरसा : 1,20,144 किसानों के खातों में 20.43 करोड़ भेजे

## सुविधाओं की दृष्टि से हरियाणा प्रदेश में अग्रणी : बराला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सरकार की कृषि क्षेत्र में क्रियान्वित की जा रही बेहतर योजनाओं का ही परिणाम है कि अब प्रदेश का किसान विकास की मुख्यधारा के साथ जुड़ रहा है। किसान तरक्की के रास्ते पर निरंतर आगे बढ़ रहा है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी को जाता है।

यह बात राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा तमिलनाडु के कोयंबटूर से 21वीं किस्त जारी करने के संदर्भ में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में कही। इस दौरान कोयम्बटूर में आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम व पलवल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया गया। बुधवार को योजना के तहत सिरसा के 120144 किसानों के खाते में सीधे 20 करोड़ 43 लाख रुपये की राशि भेजी गई। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि बेहतर कृषि व्यवस्था व सुविधाओं की दृष्टि से हरियाणा पूरे भारत में अग्रणी है, इसलिए सबसे ज्यादा खुशहाल किसान हरियाणा का है। उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया कि वे जागरूक हों और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं।

इसके अलावा उपमंडल स्तर पर डबवाली, ऐलनाबाद, रानियां व कालांवाली में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा, वेद फूला, रोहताश जांगड़ा, हनुमान कुंडू, श्याम बजाज, अंबर, भूपेश मेहता, सागर केहरवाला, विरेंद्र तिन्ना, बिमला सिंवर सहित अधिकारी व किसान उपस्थित थे।

---

# 6 लाख की हेरोइन सहित तस्कर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

■ 61 ग्राम 25 मिली ग्राम हेरोइन बरामद


**सिरसा**। पकड़ा गया हेरोइन तस्कर।

पुलिस ने गांव मीरपुर कॉलोनी क्षेत्र से एक नशा तस्कर को करीब छह लाख रुपये की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एबीवीटी स्टाफ सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर गुरमेश ने बुधवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव मीरपुर नहर की तरफ जा रही थी । इस दौरान नहर के नजदीक युवक बैठा दिखाई दिया। सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर युवक ने भागने की कोशिश की तो शक के आधार पर पुलिस उसे काबू कर लिया। पुलिस तलाशी ली तो आरोपी लखवीर सिंह उर्फ लक्की निवासी मीरपुर, सिरसा के कब्जे से 61 ग्राम 25 मिली ग्राम हेरोइन बरामद हुई। एबीवीटी प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना सदर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से पूछताछ कर हेरोइन तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा पुलिस ने गांव अबूबशहर क्षेत्र से हेरोइन तस्कर नरेश कुमार को गिरफ्तार किया है।

# धुंध में सुरक्षा : पुलिस ने चलाया रिफ्लेक्टर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद**। वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाते पुलिस कर्मचारी।

■ सड़कों पर वाहन चालकों को किया जा रहा जागरूक

आने वाले दिनों में बढ़ती धुंध और घटती दृश्यता को देखते हुए जिला पुलिस द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाओ अभियान चलाया जा रहा है। रात के समय तथा घने कोहरे के दौरान सडक़ पर चलने वाले ट्रैक्टर-ट्रालियों, रेहड़ियों, धीमी गति वाले वाहनों और दोपहिया वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने का यह अभियान पुलिस द्वारा युद्धस्तर पर जारी है। यातायात पुलिस टीमें ग्रामीण अंचलों और मुख्य सडक़ों पर जाकर वाहन चालकों को रिफ्लेक्टर के महत्व से अवगत करा रही हैं, जिससे कम दृश्यता में भी वाहन दूर से दिखाई दें और दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम हो सके। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन की सुरक्षा एवं सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि फतेहाबाद पुलिस लगातार अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने हेतु रिफ्लेक्टर लगाने का विशेष अभियान भी चला रही है। एसपी जैन ने वाहन चालकों से अपील की कि वे सुबह और देर शाम यात्रा के दौरान हैडलाइट, पार्किंग लाइट एवं फॉग लाइट का अनिवार्य उपयोग करें। उन्होंने हाई बीम से बचने की सलाह देते हुए कहा कि तेज रोशनी सामने से आने वाले वाहन चालक को भ्रमित कर देती है, जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है।

---

# ऑपरेशन ट्रेक डाउन' : पुलिस ने 33 वांछित अपराधी किए काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ आपराधिक गतिविधियों पर सख्त अंकुश लगाना उद्देश्य

हरियाणा पुलिस के ऑपरेशन ट्रेक डाउन के तहत फतेहाबाद पुलिस ने हत्या, लूट, हत्या के प्रयास और अवैध हथियार रखने जैसे संगीन मामलों में अब तक 33 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में हत्या के 5, लूट और हत्या के प्रयास के 8, अवैध हथियार रखने के 7, और संगठित अपराध के 13 कुख्यात अपराधी शामिल हैं। पुलिस ने इन अपराधियों के कब्जे से हथियार, कारतूस, चोरी के वाहन और लूट में प्रयुक्त सामग्री भी बरामद की। इनमें से कई अपराधी लंबे समय से फरार और इनामित थे। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि सीआईए टोहाना, सीआईए रतिया, सीआईए फतेहाबाद, साइबर सेल और थानास्तर की संयुक्त कार्रवाई ने जिले में आपराधिक नेटवर्क को करारा झटका दिया। एसपी ने कहा कि ऑपरेशन ट्रेक डाउन का उद्देश्य जिले में अपराधियों की गतिविधियों पर सख्त अंकुश लगाना और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। फतेहाबाद पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और अपराध मुक्त समाज के निर्माण के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रही है। अपराधियों के लिए जिले में अब कोई जगह नहीं छोड़ी जाएगी।

# भाखड़ा नहर पुनर्निर्माण कार्य का निरीक्षण सर्कल इंजीनियर ने जताई नाराजगी

## कई खंडों में कार्य शुरू नहीं, धीमी गति पर कड़ी फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

करोड़ों रुपए की लागत से भाखड़ा नहर के पुन निर्माण कार्य का नहरी विभाग के सर्कल इंजिनियर राजेश बिश्नोई द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान उन्हें अनेक खामियां मिली, जिसके बाद मौके पर मौजूद विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार भी लगाई। उन्होंने विभाग के कार्यकारी अभियंता श्याम ढींगड़ा व सभी एसडीओ को लिखित पत्र जारी कर कुछ जगह पर कार्य शुरू न होने तथा जहां काम शुरू हुआ है वहां कार्य गति धीमी होने पर भारी नाराजगी जताई है। सर्कल इंजिनियर राजेश बिश्नोई ने कहा कि निरीक्षण में पाया गया कि लाइनिंग का कार्य को आरडी 20500 से 22500, 22500 से 24500, 24500 से 26337, 26337 से 28500, 28500 से 30500 और 30500 से 32500 तक अभी तक शुरू भी नहीं किया गया है। कार्यकारी अभियंता और एसडीओ को निर्देश दिया गया है कि वे क्लोजर कार्य होने के कारण तत्काल कार्य को शुरू करवाए क्योंकि क्लोजर को किसी भी कीमत पर आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरडी 14500 से 16500 तथा 18500 से 20500 तक जो कार्य शुरू किया गया है उसकी रफ्तार भी धीमी है। पत्र में कहा कि उक्त कार्य की प्रगति में तेजी लाई जाए और सभी रिचो पर लाइनिंग कार्य अविलंब शुरू किया जाए ताकि कार्य को निर्धारित समय अवधि में पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की देरी होती है तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा।

### गुणवत्ता पर सवाल

बता दें कि नहरी विभाग के कार्यकारी अभियंता श्याम ढींगड़ा ने कार्य को शुरू करने से पहले पत्रकार वार्ता में बड़े बड़े दावे किए थे जिनकी सच्चाई सर्कल इंजिनियर के दौरे ने खोलकर रख दी है। इसके अलावा शहर के लोगों द्वारा उक्त कार्य की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए मैटीरियल की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े किए जा चुके हैं। विभाग द्वारा करीबन 60 करोड़ की लागत से 20 किलोमीटर लंबा कार्य करने की बात कही गई थी।

# दो महिलाओं सहित सात वांछित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा**। हेरोइन तस्करी मामले में पकड़े गए वांछित आरोपी।

पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैकडाउन अभियान के तहत नशा तस्करी व चोरी के मामलों में वांछित दो महिलाओं सहित सात आरोपियों को जिला सिरसा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बुधवार को बताया कि रोड़ी थाना पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए लाखों रुपए की 70 ग्राम हेरोइन बरामदगी मामले में घटना के समय से वांछित चल रहे तीन आरोपियों रवि सिंह निवासी मलड़ी सिरसा, जगदीप सिंह निवासी भागी बंदर जिला बठिंडा पंजाब व दविंद्र सिंह निवासी गिलांवाला खुं तलवंडी साबो,पंजाब को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने 20 किलो 500 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामदगी मामलें में वांछित आरोपी राम सिंह उर्फ रमी निवासी चौथा मील बीड़ जिला हिसार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि थाना शहर सिरसा पुलिस ने नशा तस्करी में संलिप्त दो महिलाओं शीला देवी पत्नी सतबीर सिंह निवासी इंद्रा कलोनी करतारपुर रोहतक व राजोबाई पत्नी राजू निवासी सहासन भरतपुर राजस्थान को जेल से प्रोटेक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार मामलें की पूछताछ की जा रही है।

# दो साल के खोये मासूम को सुरक्षित घर पंहुचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**टोहाना**। बच्चे को उसके परिजनों को सौंपते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस न केवल अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाकर जिले को सुरक्षित बनाने में अहम भूमिका निभा रही है, बल्कि मानवता और नागरिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी अपनी तत्परता का परिचय दे रही है। टोहाना शहर में दो साल छह महीने के मासूम लक्षित पुत्र अमित कुमार के अचानक लापता होने से पूरे इलाके में हडक़ंप मच गया। माता-पिता की नजरों से छूटने के कारण बच्चा घंटाघर चौक से गायब हो गया। तनाव और भय से घिरे परिवार ने तुरंत थाना शहर टोहाना में सूचना देकर पुलिस की मदद मांगी। पुलिस ने घटना स्थल का दौरा किया और आसपास के बाजार, गलियों और प्रमुख स्थानों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों से जानकारी जुटाकर हर संभावित सुराग की पड़ताल की गई।

## श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली यात्रा

# शहीदी यात्रा का टोहाना में स्वागत, श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**टोहाना**। शहीदी यात्रा का स्वागत करते पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली व अन्य।

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही ऐतिहासिक शहीदी नगर कीर्तन यात्रा का बुधवार को टोहाना उपमंडल में अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय ढंग से स्वागत किया गया। यह यात्रा रतिया उपमंडल के गांव नथवान में रात्रि विश्राम के बाद बुधवार सुबह रवाना हुई और सबसे पहले नन्हेडी गांव पहुंची, जहां स्थानीय संगत, धार्मिक संस्थानों और ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया। यात्रा जब नन्हेडी गांव से आगे बढ़ी तो कुलां और लहरियाँ गांवों में भी श्रद्धालुओं और संगत ने गुरु साहिब के पावन स्वरूप के दर्शन कर फूलों की वर्षा की तथा सेवा-सत्कार द्वारा अपनी श्रद्धा प्रकट की। विभिन्न स्थानों पर लंगर, जल सेवा, प्रसाद वितरण और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की बड़ी संख्या यात्रा के दर्शन के लिए मार्ग में उपस्थित रही।

### 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र पहुंचेगी यात्रा

*श्री गुरु तेग बहादुर जी के अद्वितीय बलिदान और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने वाली यह शहीदी यात्रा प्रदेश के विभिन्न जिलों से होते हुए 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय समापन समारोह में पहुंचेगी। पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, टोहाना के विधायक परमवीर सिंह, हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन प्रो. रविंद्र सिंह बलियाला, रतिया एसडीएम सुरेंद्र सिंह, तहसीलदार सन्नी दलाल, नायब तहसीलदार अंजू, वरिष्ठ नेता संजय रेवड़ी, पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा, विकास ललोदा, चेयरमेन जगजीत हुड्डा सहित विभिन्न संगठनों के सदस्यों तथा संगत ने यात्रा का स्वागत किया।*



डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब सर्दी के मौसम में बढ़ जाए जोड़ों का दर्द



**मेरी उम्र 58 वर्ष है। सर्दियों में मेरे जोड़ों में दर्द बढ़ जाता है। कृपया कोई ऐसा उपाय बताएं ताकि इस प्रॉब्लम का सामना न करना पड़े।**

**-कौशल किशोर, रोहतक**

सर्दी के मौसम में जोड़ों में दर्द की समस्या बढ़ जाती है। खासकर अधिक उम्र के लोगों को यह दिक्कत ज्यादा होती है। इससे बचने का तरीका यही है कि सर्दी में एक्सपोजर कम से कम करें। अगर निकलना ही पड़े तो पूरी तरह से वूलेन कपड़े पहनकर निकलें। साथ ही खान-पान का विशेष ध्यान रखें और ठंडी या फ्रिज में रखी चीजें खाने से परहेज करें।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। सर्दी में डेंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है। मुझे इससे बचने के लिए क्या करना चाहिए?**

**-रोहन, बिलासपुर**

सर्दी के मौसम में यह समस्या गर्म पानी से नहाने की वजह से ज्यादा होती है। इससे बचने के लिए आप अधिक गर्म पानी से ना नहाएं। पानी को नॉर्मल कर लें। साथ ही नियमित रूप से बालों को धुलें, ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो जरूर आपको एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। अकसर जब मैं सुबह सोकर उठता हूं तो गले के पिछले पार्ट में अकड़न लगती है। कुछ देर में ठीक भी हो जाता है। कृपया बताएं ऐसा क्यों होता है?**

**-राजीव, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लगता है कि आपको सर्वाइकल की दिक्कत है लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। ऐसे में आपको ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वह एक्स-रे कराकर इसका कारण पता लगाएंगे और ट्रीटमेंट होगा। फिलहाल आप सर्दी से बचें और रात में सोते समय गले के उस पार्ट को प्रॉपर ढंक कर रखें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। करीब एक साल से मुझे डाइजेशन की प्रॉब्लम है। भूख नहीं लगती है। कृपया मेरी इस समस्या का कोई कारगर समाधान बताएं।**

**-सुबीर, राजनांदगांव**

उम्र बढ़ने के साथ डाइजेशन सिस्टम स्लो हो जाता है। इसलिए आपको खान-पान में विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। ज्यादा तला-भुना खाना नहीं खाना चाहिए। इसके अलावा दोपहर के खाने में सलाद और दही जरूर शामिल करना चाहिए। रात का डिनर बिल्कुल ही हल्का होना चाहिए। सोने से तीन घंटे पहले डिनर हो जाना चाहिए। इस तरह चेंज करने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 37 वर्ष है। कुछ दिनों के अंतराल पर मेरे सिर के अगले, पिछले या बीच के हिस्से में रह-रहकर दर्द होता रहता है। कई बार यह बहुत असहनीय हो जाता है, कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-सुकेश, भोपाल**

सिर में दर्द कई कारणों से होता है। कई बार गैस की वजह से काफी तेज दर्द होता है तो कई बार इसकी वजह माइग्रेन भी होता है। दर्द कब हो रहा है, कैसे हो रहा है, इस बारे में आपको डिटेल्स बतानी पड़ेगी। बेहतर होगा कि आप एक बार न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लें। वह पूरी हिस्ट्री समझकर ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पेट में दाईं तरफ मीठा-मीठा दर्द बना रहता है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**-राजेश, दुर्ग**

आपने यह नहीं बताया कि यह दर्द कितने समय से हो रहा है? कई बार इसकी वजह संक्रमण हो सकता है तो कई बार अन्य कारणों से भी हो सकता है, लेकिन जांच कराए बिना कुछ भी कहना मुश्किल है। आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। आप बगैर डॉक्टर से संपर्क किए कोई भी मेडिसिन ना लें। बाहर का खाना बिल्कुल न खाएं।*

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

अवेयरनेस

विटामिन-डी, कैल्शियम अवशोषण, प्रतिरक्षा प्रणाली के कार्य और समग्र स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में अगर इसकी कमी का निदान नहीं हो पाता है, तो उससे डिप्रेशन, एंग्जायटी जैसी मानसिक समस्याओं का खतरा भी बढ़ जाता है। यहां आपको विस्तार से बता रहे हैं विटामिन-डी की महत्ता, इसके प्रमुख स्रोत, इसकी कमी के लक्षण और कमी दूर करने के उपायों के बारे में।

# फिजिकल-मेंटल हेल्थ के लिए बहुत जरूरी है विटामिन-डी

अंशु सिंह

आपको शायद पता नहीं होगा कि अपने देश के बड़े वर्ग के लोगों में एक चिंताजनक स्वास्थ्य संकट बढ़ रहा है। वह है विटामिन-डी की कमी। कुछ अध्ययनों के अनुसार प्रचुर मात्रा में धूप होने के बावजूद 70 प्रतिशत से अधिक भारतीयों में इस आवश्यक पोषक तत्व की कमी है।

अकसर कई लोगों की उदासी, गुस्सा, चिड़चिड़ाहट की वजह किसी ना किसी प्रकार की चिंता या भय होता है। यही भय उन्हें अवसाद की दहलीज पर भी ले जाता है। रातों की नींद और चैन उड़ जाते हैं। कारण तलाशने पर कुछ भी हाथ नहीं लगता। मुमकिन है कि कुछ ऐसा हो रहा हो, जो बेवजह की उदासी और भय पैदा कर रहा हो। आपको लग रहा हो कि आप डिप्रेशन के शिकार हैं। कुछ लोग तो एंटी डिप्रेशन मेडिसिन लेना शुरू कर देते हैं, जबकि असली वजह शरीर में विटामिन डी की कमी हो सकती है।

डॉक्टर्स बताते हैं कि विटामिन हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी होते हैं। अब चाहे वो विटामिन-ए हो, विटामिन-बी, सी या विटामिन-डी। विटामिन-डी की कमी गंभीर मानसिक तनाव दे सकती है और हमें इसका पता भी नहीं चल पाता है।

## मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

हाल के वर्षों में विभिन्न अध्ययनों के जरिए मानसिक स्वास्थ्य में विटामिन-डी की भूमिका का समर्थन करने वाले प्रमाण पाए गए हैं। विटामिन-डी की कमी, खासकर अवसाद और चिंता के लक्षणों को बढ़ा सकती है। कई शोधकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि शरीर में विटामिन-डी की कमी से न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर होने की संभावना भी बढ़ जाती है। इतना ही नहीं, भूलने की बीमारी, दुविधा, थकान, मनोदशा में बदलाव, भूख न लगना, दर्द के प्रति संवेदनशीलता में वृद्धि, एकाग्रता की कमी, डर का



बढ़ना, अत्यधिक निराशा या उदासी की भावना, वजन कम होना या बढ़ना, चिंता आदि समस्याएं भी हो सकती हैं। कई अन्य अध्ययनों में अल्जाइमर रोग से पीड़ित लोगों के साथ-साथ संज्ञानात्मक हानि वाले स्वस्थ वयस्कों में विटामिन-डी के स्तर में कमी की बात सामने आई है, जो विटामिन-डी और संज्ञानात्मक कार्य के बीच संबंध का संकेत देती है।

## भारत में चिंताजनक है स्थिति

मेडिकल जर्नल नेचर में प्रकाशित एक शोध के अनुसार अफगानिस्तान, ट्यूनीशिया जैसे देशों की लगभग 20 प्रतिशत से भी अधिक आबादी विटामिन-डी की कमी से ग्रसित है। अमेरिका, कनाडा और यूरोप के लोग भी विटामिन-डी की कमी से जूझ रहे हैं। इन देशों में यह आंकड़ा क्रमशः 5.9 फीसदी, 7.4 फीसदी और 13 फीसदी के आस-पास है। एक अध्ययन के मुताबिक, भारत की करीब 70



फीसदी शहरी आबादी विटामिन-डी की कमी से जूझ रही है। जबकि देश में प्रचुर मात्रा में सूर्य की रोशनी उपलब्ध है। इसके बावजूद, लगभग 10 में से 9 व्यक्तियों में इस आवश्यक पोषक तत्व की कमी पाई जाती है।

## विटामिन डी की कमी के कारण

लोगों में विटामिन डी की कमी के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं। जैसे, शहरीकरण एवं प्रदूषण की वजह से लोगों का ज्यादा समय घर के अंदर रहना, धूप में कम समय बिताना आदि। सूर्य के प्रकाश के संपर्क में न आने की वजह से इसकी कमी, शरीर की विटामिन-डी के संश्लेषण की क्षमता को काफी कम कर देती है। शहरी क्षेत्रों में वायु प्रदूषण का उच्च स्तर एक अवरोधक के रूप में कार्य करता है, जो विटामिन-डी के संश्लेषण के लिए आवश्यक पराबैंगनी-बी (यूवीबी) किरणों को अवरुद्ध करता है।

दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे घनी आबादी वाले शहरों में विशेष रूप से यह समस्या गंभीर है। इसके अलावा, भारतीय आहार, खासकर शाकाहारी आहार में प्रायः विटामिन-डी से भरपूर खाद्य पदार्थों की कमी होती है, जो वसायुक्त मछली, अंडे की जर्दी और फोर्टिफाइड डेयरी उत्पादों में पाया जाता है।

## क्यों जरूरी है विटामिन-डी

दिल्ली एनसीआर (गुरुग्राम) के वरिष्ठ एंडोक्राइनोलॉजिस्ट **डॉ. धीरज कपूर** का कहना है कि 'सनशाइन विटामिन' के रूप में जाने जाने वाला विटामिन-डी, वसा में घुलनशील विटामिन होता है, जो मुख्य रूप से सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने पर त्वचा में संश्लेषित होता है। यह कई शारीरिक कार्यों को पूरा करने जैसे दांतों, मांसपेशियों और हड्डियों को मजबूत बनाने के अलावा मानसिक सेहत से लेकर हृदयाघात, मधुमेह और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से हमें बचाने में सक्षम है। यह कैल्शियम और फास्फोरस के अवशोषण को सुगम बनाता है। इसकी कमी से ऑस्टियोपोरोसिस, संक्रमणों के प्रति संवेदनशीलता में वृद्धि और मांसपेशियों की कमजोरी सहित कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। साथ ही, ये मनोदशा के नियमन को प्रभावित करती है। इसकी कमी अवसाद और चिंता से जुड़ी हो सकती है।

## कैसे काम करता है

हमारे शरीर की मांसपेशियों, हृदय, मस्तिष्क और प्रतिरक्षा प्रणाली में विटामिन-डी रिसेप्टर्स होते हैं। शरीर इस विटामिन को गुर्दे और यकृत तक पहुंचाता है, जहां यह एक सक्रिय हार्मोन में परिवर्तित हो जाता है। इस रूप में यह शरीर को कैल्शियम के अवशोषण में सहायता करता है। आपका शरीर सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने से विटामिन-डी प्राप्त करता है। कुछ खाद्य पदार्थ और सप्लीमेंट्स भी विटामिन-डी के स्रोत हो सकते हैं। सांवले रंग के लोगों के शरीर में मेलेनिन का स्तर अधिक होता है। यह एक ऐसा पदार्थ है, जो मनुष्यों और पशुओं में आंखों, त्वचा और बालों को काला कर देता है। यह रंजकता त्वचा को विटामिन-डी को ठीक से अवशोषित करने से रोकती है।

## ऐसे दूर करें विटामिन-डी की कमी

आमतौर पर लोगों का औसतन 90 फीसदी समय घर या दफ्तर के अंदर बीतता है। घर के अंदर बिताए गए समय में वृद्धि के अलावा, ऐसे कपड़े पहनना, जो



त्वचा की अधिकांश सतह को कवर करते हैं या फिर सनस्क्रीन का उपयोग, विटामिन-डी की कमी में योगदान करते हैं। हां, बिना सनस्क्रीन के ज्यादा देर तक धूप में रहने से सावधान रहें, क्योंकि ओजोन परत के पतले होने से सूरज की हानिकारक अल्ट्रावायलेट किरणें आसानी से धरती पर पहुंचती हैं और त्वचा कैंसर के खतरे को बढ़ाती हैं। इसलिए विटामिन-डी की कमी से बचने का सबसे अच्छा तरीका है अपने आहार में मछली, मांस, अंडे की जर्दी, फोर्टिफाइड डेयरी उत्पाद और मशरूम को शामिल करें। साथ ही पर्याप्त धूप लें, जो विटामिन-डी का सबसे प्रमुख स्रोत है। *

### लीवर की समस्या से भी हो सकती है कमी



वैद्य डॉ. अमृता शर्मा

**आज की** जीवनशैली में जहां सूर्य का प्रकाश हानिकारक माना जा रहा है। लोग अपनी त्वचा को धूप से बचाने के लिए शरीर को ढंकते हैं। फैशन उद्योग द्वारा सनस्क्रीन लोशन का प्रचार, वातानुकूलित कमरों में रहना, त्वचा से चिपके कपड़े, उचित आहार और दिनचर्या का अभाव विटामिन-डी की कमी के कारण हैं। कभी-कभी सूर्य के प्रकाश के पर्याप्त संपर्क में आने के बाद भी विटामिन-डी की कमी देखी जाती है। यह लीवर की समस्या के कारण हो सकता है, क्योंकि लीवर विटामिन-डी का उत्पादन करने के लिए सूर्य के प्रकाश का उपयोग करता है। अगर लीवर ठीक से काम नहीं कर रहा है, तो यह विटामिन-डी की कमी का कारण बनता है। विटामिन-डी एक वसा में घुलनशील विटामिन है, इसलिए इस विटामिन के कैप्सूल लेने के बाद भी यदि लीवर ठीक से काम नहीं करता है, तो शरीर के लिए इस विटामिन का उपयोग करना मुश्किल होगा और लाभ के बजाय यह विटामिन कैप्सूल शरीर को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए व्यक्ति को सुबह की धूप में सैर करना चाहिए, ढीले कपड़े पहनकर व्यायाम करना चाहिए।

मेडिटेक्नीक

# आईवीएफ की सक्सेस रेट बढ़ा सकता है एआई

अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल आईवीएफ मेडिकल प्रोसीजर में भी किया जा रहा है। एआई, एंब्रयो के पैटर्न को देखकर यह बता सकता है कि उसको किस क्रम में ट्रांसफर करना चाहिए या कौन-सा भ्रूण सबसे बेहतर रहेगा? इस बारे में डिटेल में बता रही हैं, नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी सेंटर, गुरुग्राम की फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट **डॉ. रश्मि अग्रवाल।**

आईवीएफ ने दुनिया भर में लाखों दंपतियों को माता-पिता बनने का सपना पूरा करने में मदद की है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई इस क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव ला रहा है। एआई डेटा, तस्वीरें और विशेष कंप्यूटर एल्गोरिदम की मदद से ऐसे पैटर्न पहचानता है, जिन्हें आमतौर पर इंसान नहीं देख पाता। इससे डॉक्टरों को इलाज के दौरान ज्यादा सटीक निर्णय लेने में मदद मिलती है। एआई के आने से आईवीएफ



प्रक्रिया पहले से अधिक प्रभावी, सटीक और मरीज के लिए आसान बन गई है।

- एआई, भ्रूण की तस्वीरें देखकर यह पता लगा सकता है कि कौन-से भ्रूण के सफलतापूर्वक गर्भाशय में लगने की संभावना ज्यादा है। यह एल्गोरिदम बहुत बड़े डेटा पर प्रशिक्षित होते हैं, जिससे भ्रूण के विकास में आने वाले छोटे-छोटे बदलाव भी पकड़ में आते हैं। इससे स्वस्थ भ्रूण चुनने की प्रक्रिया सटीक होती है।
- एआई की मदद से फर्टिलिटी विशेषज्ञ हर मरीज के लिए डेटा-आधारित और व्यक्तिगत ट्रीटमेंट डिसाइड कर सकते हैं। एआई हार्मोन के स्तर और दवाओं पर शरीर की प्रतिक्रिया का विश्लेषण करके सही दवा की मात्रा और ओवेरियन स्टिम्युलेशन का समय तय करता है। इससे अंडाणु की गुणवत्ता बढ़ती है और इलाज से अच्छे



परिणाम मिलते हैं।

- एआई तकनीक से बने इमेजिंग टूल्स ऐसे शुक्राणु चुन सकते हैं, जिनकी गति और आकार सबसे अच्छा हो। इससे बेहतर भ्रूण बनते हैं और गर्भधारण की संभावना भी बढ़ती है।
- एआई सिस्टम, भ्रूण के विकास को रीयल-टाइम यानी लगातार मॉनिटर करते हैं और किसी भी असामान्यता को तुरंत पहचान लेते हैं। इससे डॉक्टर भ्रूण ट्रांसफर से पहले समय रहते सुधार कर सकते हैं, जिससे गर्भ ठहरने की संभावना बढ़ जाती है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

योगोपचार

सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। इस दौरान स्वस्थ और फिट रहने के लिए आपको कुछ आसनों को अपने रूटीन में जरूर शामिल करना चाहिए। हम आपको बता रहे हैं, तीन ऐसे ही कारगर आसन।

# रोज करिए ये तीन योगासन इस मौसम में रहेंगे स्वस्थ

दिव्यज्योति 'नंदन'

सर्दी के मौसम में हमारे स्वास्थ्य की सच्ची रखवाली दवाइयां नहीं बल्कि कई तरह की हमारी शारीरिक गतिविधियां करती हैं। इनमें ही योगासन भी शामिल हैं। सर्दियां शुरू होते ही शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अगर आप कुछ सरल योगासनों को अपने रूटीन में शामिल कर लें तो कई परेशानियों से बचे रहेंगे। ये न केवल इन दिनों हमारे शरीर को गर्म रखते हैं बल्कि मन को भी सक्रिय और उत्साहित रखते हैं, जिससे हम प्रसन्न और एक्टिव रहते हैं। तो आइए जानें ये कारगर तीन सरल योगासन कौन से हैं?


**त्रिकोणासनः** त्रिकोणासन सर्दी के मौसम में हमें स्वस्थ रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण आसन है। यह खड़े होकर किया जाने वाला आसन है, जिससे हमारा शरीर पर्याप्त खिंचाव हासिल करता है। सर्दी के दिनों में पर्याप्त रूप से त्रिकोणासन कर लिया जाए तो शरीर में जरूरी लचीलापन बना रहता है। इसके चलते हमारी पाचनक्रिया सही रहती है और ठंड से सिकुड़ी मांसपेशियों को राहत मिलती है।

**उष्ट्रासनः** उष्ट्रासन या कैमल पोज भी उन कुछ गिने-चुने आसनों में से एक है, जो



त्रिकोणासन

सर्दियों में हमें तमाम तरह की परेशानियों से बचाकर रखता है। यह आसन सर्दियों में होने वाली सीने की जकड़न को खोलता है, जिससे ठंडी हवा का प्रभाव खत्म होता है।



उष्ट्रासन

उष्ट्रासन करने से हमारे फेफड़े और हृदय को लाभ होता है। शरीर में गर्माइश बनी रहती है, पाचन बेहतर होता है और शरीर में जरूरी लचीलापन तथा कई तरह के दर्द से राहत मिलती है। उष्ट्रासन नियमित रूप से करने से सर्दियों में हमारे शरीर में ऊर्जा का सतत प्रवाह बना रहता है।

इस तरह इस मौसम में किए जाने वाले ये सीधे सरल तीन आसन हमें बहुत राहत देते हैं। इन आसनों का अभ्यास करने से पहले अनुभवी प्रशिक्षक से इनकी सही विधि जरूर सीख लें। *



**पवनमुक्तासनः** पवनमुक्तासन का मूल काम सर्दियों में हमारे पाचन तंत्र को दुरुस्त रखना है, जिससे हमारा शरीर सर्दियों में गैस और अपच की परेशानियों से दूर रहता है। इससे पेट की मांसपेशियां सक्रिय रहती हैं। शरीर में हल्कापन महसूस होता है और ऊर्जा का लगातार प्रवाह बना रहता है, जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता दुरुस्त रहती है।

उपयोगी फल

पपीते में अनेक स्वास्थ्यवर्धक और रोग निवारक गुण होते हैं। यह आसानी से हर कहीं उपलब्ध भी होता है। पपीते के स्वास्थ्यवर्धक गुणों के बारे में आपको विस्तार से बता रहे हैं।

# गुणकारी-स्वास्थ्यवर्धक पपीता

शिवचरण चौहान

भारत में लगभग सभी जगह, सभी ऋतुओं में पपीता आसानी से मिल जाता है। पपीता मीठा, पौष्टिक और सस्ता फल है। पपीता के फल, पत्ते, जड़ और फलों के बीज औषधि के रूप में काम आते हैं। आकार, रंग, गंध और स्वाद में भिन्नता लिए हुए पपीते की अनेक किस्में होती हैं। सामान्यतया सभी पपीते बीजयुक्त होते हैं। किसी में बहुत ज्यादा निकलते हैं तो किसी में गिनती के बीज होते हैं। कच्चे फल का छिलका हरा और गूदा सफेद होता है। यह सब्जी और आचार बनाने में विशेष तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। फल के पकने पर छिलके का रंग केसरिया हो जाता है। कृत्रिम ढंग से पकाया गया पपीता जहां पीले रंग का होता है, वहीं डाल पर पका केसरिया रंग का होता है। दिखने में पीले रंग का पपीता अच्छा जरूर लगता है लेकिन पौष्टिक तत्वों और स्वाद की दृष्टि से डाल पर अपने आप पका केसरिया रंग का पपीता श्रेष्ठ होता है। आसानी से पच जाने के कारण पका हुआ पपीता रोगियों को पथ्य के रूप में दिया जाता है।

पपीता के फल को भोजन के बाद खाना उचित होता है। पके पपीते से जैम, मिष्ठान, खीर आदि बनाई जाती हैं, जो स्वादिष्ट और पौष्टिक होती है। जिन व्यक्तियों को लीवर और पाचन संबंधी शिकायत होती है, उनके लिए पपीते का सेवन अत्यंत लाभदायक होता है। आयुर्वेद के अनुसार कच्चा पपीता मलरोधक, वायु तथा कफ को कुपित करने वाला तथा पका हुआ पपीता रस में मधुर, पित्तनाशक, रुचिकारक, भारी और स्वादिष्ट होता है।

**मौजूद पोषक तत्वः** वैज्ञानिकों का कहना है कि एक पपीते के विभिन्न तत्वों का प्रतिशत इस प्रकार है- जल 89.6 प्रतिशत, वसा 0.1 प्रतिशत, कार्बोहाइड्रेट 9.4 प्रतिशत, खनिज पदार्थ 0.4 प्रतिशत, प्रोटीन 0.5 प्रतिशत होता है। इनके अतिरिक्त कैल्शियम, फॉस्फोरस, लोहा, टार्टरिक एसिड, साइट्रिक एसिड, मैलिक एसिड, विटामिन-ए, बी, सी और डी भी पपीते में पाए जाते हैं। पैप्सिन नामक पदार्थ की उपस्थिति के कारण पपीता का फल पाचन शक्ति में वृद्धि करके मंदाग्नि को दूर करता है। पेप्सिन हमारे द्वारा खाए प्रोटीन पदार्थों का पाचन करता है।

पके हुए पपीते में 'केरोटीन' नामक पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होता है, जो हमारे शरीर में पहुंचकर विटामिन-ए बन जाता है। फल में 68 से 100 मिलीग्राम तक विटामिन 'सी' होता है। पपीते का नियमित सेवन करने से हमें विटामिन-ए और विटामिन-सी पर्याप्त मात्रा में मिल जाते हैं, जिससे अनेक रोगों से रक्षा करने में हमें मदद मिलती है।

**कई तरह से फायदेमंदः** पपीते में विटामिन-डी बहुत अधिक मात्रा में मिलता है, जो शरीर के लिए बहुत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है। इससे हड्डियों को ताकतवर बनाया जा सकता है। पपीते का लौह तत्व, रक्त वृद्धि करता है। कैल्शियम शरीर की



हड्डियों को मजबूत करता है। मस्तिष्क और वात जनित रोगों के लिए फॉस्फोरस काम आता है। कार्बोज शरीर में गर्मी पहुंचाता है और प्रोटीन मांसपेशियों की वृद्धि करता है। 100 ग्राम पपीते का गूदा हमें 56 कैलोरी ऊर्जा प्रदान करता है। पपीते का नियमित सेवन करने से स्वास्थ्य और यौवन लंबे समय तक रहता है। इसके अलावा एनीमिया, उदर विकार, अजीर्ण, मंदाग्नि, दुर्बलता, क्षयरोग, दमा, नेत्र और चमड़ी के विकारों से हमारी रक्षा होती है। रोगियों के अलावा सामान्य व्यक्ति को भी पपीता रोज खाना चाहिए। कच्चे पपीते का दूध कीटाणु व कृमि नाशक होने के कारण दाद-खाज, खुजली आदि चर्म रोगों में नियमित रूप से लगाने से उनमें आराम मिल जाता है। कच्चे पपीते का गूदा घाव पर लगाने से घाव बहुत जल्दी भर जाता है। गर्भवती महिलाएं पपीता नियमित रूप से खाएं तो खून की कमी नहीं होगी और बच्चा भी स्वस्थ होगा। शिशु जन्म के पश्चात जब स्तनों में दूध कम आए तब पपीता खाना लाभप्रद होता हैं। अपना दुबलापन मिटाने और शरीर का हृष्ट-पुष्ट बनाने के लिए पपीते का हलुवा या खीर नियमित रूप से खाएं। मंदाग्नि और अजीर्ण रोग से पीड़ित व्यक्ति सुबह नाश्ते में खाली पेट केवल पका हुआ पपीता खाएं। पपीते के पत्तों का रस पीने से खून में आयरन और प्लेटलेट्स बढ़ते हैं। पेट के कैंसर और अल्सर में भी पपीते का सेवन बहुत फायदेमंद साबित होता है। *

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जाखल पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवि पुत्र रेशम निवासी जाखल, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से नाजायज देसी पिस्तौल 12 बोर और एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। थाना जाखल प्रभारी उप-निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को गश्त के दौरान इस बारे सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने घग्गर पुल, जाखल के पास रेड की और आरोपी रवि को हथियार सहित काबू कर लिया। आरोपी के खिलाफ थाना जाखल में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जिला जेल भेज दिया।

### रंजिशन हमला करने के मामले में दो युवक काबू

**फतेहाबाद।** एक युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में फतेहाबाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अश्विनी कुमार पुत्र अमर चंद तथा विशाल कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी गुरूनानकपुरा मोहल्ला, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा सिंह ने बताया कि इस बारे शिव कुमार, पुत्र किशन चंद निवासी गुरूनानकपुरा, फतेहाबाद ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार 15 अक्टूबर को उसका बेटा कार्तिक अपने दोस्तों के साथ भुना रोड, फतेहाबाद पर खाने-पीने गया था।

### धोखाधड़ी का आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ओढां।** पुलिस ने फर्जी क्रेडिट बैलेंस दिखाकर 36,000 रुपए की धोखाधड़ी में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान असलम पुत्र अली मोहम्मद निवासी नांगल सभा थाना बहीन जिला पलवल के रूप में हुई है । ओढां थाना प्रभारी आनंद कुमार ने बताया कि सुखमंदर सिंह पुत्र जगतार सिंह निवासी चोरमार खेड़ा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे अनजान नंबर से एक कॉल प्राप्त हुई कि जिसमें आरोपी ने बताया कि नुहियांवाली में मंदिर में दस कट्टे सीमेंट की जरूरत है। शिकायतकर्ता ने उसकी कीमत 4,000 रुपए बताई। साइबर ठग ने उसके पास 40,000 रुपए का फर्जी क्रेडिट बैलेंस का मैसेज भेजकर उससे कहा कि आपके पास गलती से चार हजार की जगह चालीस हजार रुपए चले गए हैं।

### टोहाना में रेत उतारते समय हादसा, एक घायल

**फतेहाबाद।** चंडीगढ़ रोड स्थित भूत मार्केट में नहर किनारे रेत छोडऩे पहुंचे एक डंपर चालक ने वाहन को ऊंचा किया तो ऊपर से गुजर रही फाइबर की तार टूटकर नीचे आ गिरी। उसी समय सडक़ से गुजर रहे बाइक सवार के गले में तार फंस गई, जिससे वह संतुलन खो बैठा और सडक़ पर गिर गया। हादसे में सुंदर नगर निवासी कृष्ण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके गले और हाथ पर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे ट्रक चालकों ने विरोध जताते हुए भूत मार्केट के मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए फ्री मेडिकल कैम्प 21 को

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरिष्ठ नागरिक परिषद के तत्वाधान में नागरिक अस्पताल फतेहाबाद के सीएमओ कार्यालय के सहयोग से नवम्बर माह का निशुल्क मेडिकल चैकअप कैम्प 21 नवम्बर शुक्रवार को बाल भवन फतेहाबाद के हॉल में प्रातः 10 बजे से उप प्रधान बनारसी दास मोंगा की अध्यक्षता में लगाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया इस चैकअप कैम्प में सेवानिवृत डिप्टी सीएमओ के नेतृत्व में टीम वरिष्ठ नागरिकों की निःशुल्क जांच करेगी व दवाईयां भी वितरित की जाएगी। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि वे कैम्प में अपना आधार कार्ड अवश्य साथ लेकर आए।

## लंबे समय बाद हुई नप हाउस की बैठक में पार्षदों ने खोला मोर्चा

# महिला पार्षद की अधिकारियों को धमकी पंद्रह दिन में काम न हुए तो देख लेना




**फतेहाबाद।** नगरपरिषद की बैठक में भाग लेते प्रधान व पार्षद व बैठक में अपनी बात रखते पार्षद नीलांशी शर्मा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लंबे अंतराल के बाद बुधवार को नगरपरिषद कार्यालय में हुई हाउस की बैठक में पार्षदों ने जमकर अधिकारियों के खिलाफ भड़ास निकाली। बैठक में मौजूद सभी पार्षद अधिकारियों के रवैये को लेकर गुस्से में नजर आए। कार्यकाल से अब तक पहली बार उपप्रधान सविता टुटेजा अधिकारियों के रवैये के खिलाफ खुलकर बोली। सविता ने आरोप लगाया कि नगरपरिषद में अफसरशाही हावी है। सरकार क्या कर लेगी। अधिकारी मानते ही नहीं। जवाब में पार्षद हंसराज योगी और सुभाष नायक ने उपप्रधान को खरी-खोटी सुनाई और कहा कि जब पार्षद अधिकारियों के रवैये को लेकर धरने पर बैठे थे तो उपप्रधान कहां थी। पार्षदों ने आरोप लगाया कि सविता टुटेजा सत्तापक्ष में रह रही है। इसके बावजूद जब उसके काम नहीं हो रहे तो अब वह दोनों हाथों में लड्डू रखना चाहती है। इतना ही नहीं, पार्षद चन्द्रभान वधवा ने कहा कि वह तो पहले ही प्रधान राजेन्द्र खिची के साथ थे। अब प्रधान जहां भी कहेंगे, वह प्रधान के साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधान काम न होते हुए भी अपने स्टैण्ड पर कायम है जबकि उपप्रधान सविता टुटेजा सत्तापक्ष में रहते हुए भी अपने स्टैण्ड पर कायम नहीं है। नगरपरिषद फतेहाबाद की बैठक प्रधान राजेन्द्र खिची की अध्यक्षता में हुई। बैठक शुरू होते ही पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में विकास कार्यों को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया और नगरपरिषद अधिकारियों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। एक महिला पार्षद ने तो अधिकारियों को 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए यहां तक कह दिया कि अगर काम नहीं हुआ तो देख लेना क्या होगा। शहर में पार्षदों ने अधिकारियों पर मनमानी करने और पार्षदों की अनदेखी करने के भी आरोप जड़े। बैठक में सबसे पहले मनोनीत पार्षद जगदीश नायक को शपथ दिलवाई गई। पिछले दिनों सरकार द्वारा दो मनोनीत पार्षद बनाए गए थे। इनमें जगदीश नायक और सीताराम सोनी का नाम था।

### बैठक में छाया अशोक नगर में ठप्प सीवरेज व्यवस्था का मुद्दा

पार्षद सुभाष नायक ने अशोक नगर सीवरेज समस्या व अन्य विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों से जवाब मांगा। पार्षद सुभाष ने अशोक नगर में सीवरेज ब्लाकेज की समस्या उठाने पर जेई बलविंदर ने कहा कि विभाग द्वारा कई बार इस समस्या को दूर करने के प्रयास किए गए, लेकिन 2-4 दिन बाद लाइन फिर से ब्लॉकेज हो जाती है। उन्होंने बताया कि ब्लॉकेज का मुख्य कारण आसपास का कूड़ा, प्लास्टिक, पॉलिथीन, और अन्य कचरा है, जो लाइन में फँसकर पानी की निकासी रोक देता है। पार्षद सुभाष नायक ने कहा कि ब्रह्मकुमारी आश्रम रोड का बुरा हाल है। यहां जलभराव रहता है। सीवर ओवरफ्लो होता है। इस पर पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट के जेई बलविंद्र सिंह ने बताया कि अब बड़ी मशीन से सीवर की सफाई करवा रहे हैं। जल्द ही इस समस्या का समाधान भी हो जाएगा।

### पार्षदों ने गलियों के निर्माण व गड्ढों की समस्या उठाया

बैठक में पार्षद चंद्रभान रविदास चौक के गड्ढे का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सीएम के दौरे के बावजूद इस गड्ढे को भरा नहीं गया। पार्षद रमेश गिल्होत्रा व राजेंद्र आहूजा ने गलियों का निर्माण न होने व गड्ढे होने की समस्या उठाई। इसके अलावा बैठक में वार्ड 13 की पार्षद राधा सुथार ने डंपिंग प्वाइंट हटाने की मांग करते हुए अधिकारियों से कहा कि मांग करते-करते उनकी जुबान ढीली पड़ गई लेकिन तुम्हारे पेन की स्याही नहीं सूखी। पार्षद ज्योति मेहता ने अफसरों को चेतावनी देते हुए सख्त लहजे में कहा कि अगले 15 दिन में उनके वार्ड के पार्कों में झूले नहीं लगे तो फिर उनका नजारा देखना। वार्ड न 12 के पार्षद मोहन लाल नारंग ने प्रधान राजेंद्र खींची पर बिलों पर साइन करने के आरोप लगाते हुए कहा कि पार्षदों के साइन हुए बगैर प्रधान बिल पास कर रहे। इस पर प्रधान राजेंद्र खींची ने कहा कि उनके साइन के बगैर ही बिल पास हो रहे हैं।

### उपप्रधान और पार्षदों के बीच हुई तीखी बहस

बैठक शुरू होते ही पार्षदों ने अपने वार्ड के विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों से जवाब मांगना शुरू कर दिया है। नगर परिषद हाउस बैठक में उपप्रधान और पार्षदों के बीच तीखी बहस हुई और पार्षदों ने विकास कार्य न होने का ठिकरा फोड़ते हुए जमकर हंगामा किया। बैठक में वार्ड नं. 2 की पार्षद नीलांशी शर्मा ने हेरिटेज पार्क को हालत सुधारने की मांग रखी। नीलांशी ने एमई नरेंद्र पवार से कहा कि आप वार्ड में जाकर चाय पीकर चले आते हो, हमें सूचना तक नहीं दी जाती है। इस पर चेयरमैन राजेंद्र खिंची ने एमई से कहा कि वार्ड में जाने पर आप पार्षदों को फोन किया करें। कोई काम किया गया हो तो उसकी सूचना भी पार्षद को दी जानी चाहिए। जनता पार्षद से जवाब मांगती है, इसलिए उनके संज्ञान में हर काम होना चाहिए। ओम निवास स्कूल वाली गली के रुके निर्माण को शुरू कराने की मांग को लेकर वार्ड के लोग भी नगरपरिषद में पहुंचे।

### एमपी सौत्र में शहादत को समर्पित विशेष श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन

■ शहीद देवेंद्र सिंह के 24वें शहीदी दिवस पर चेतना सप्ताह के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम

**रतिया।** गांव मोहम्मदपुर सौत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शहीद देवेंद्र सिंह के 24वें शहीदी दिवस पर चेतना सप्ताह के दौरान शहादत को समर्पित विशेष श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रतिया के प्रथम शहीद देवेंद्र सिंह की जीवनी, उनकी कुर्बानी पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्राचार्य प्रदीप कुमार ने कहा कि शहीदों की बदौलत ही हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने शहीद देवेंद्र सिंह यादगारी ट्रस्ट द्वारा पिछले 23 वर्षों से किए जा रहे यादगारी कार्य की चर्चा करते हुए शहीदों के बलिदानों को याद रखने व देश के प्रति समर्पण की भावना बनाए रखने पर बल दिया। कक्षा बारहवीं की छात्रा रवदीप कौर ने शहीद देविंदर सिंह की जीवनी प्रस्तुत करते हुए बताया कि शहीद देवेंद्र सिंह रतिया के प्रथम शहीद हैं। उन्हें गर्व है कि वह हमारे एमपी सोत्र स्कूल के दसवीं कक्षा के विद्यार्थी रहे हैं। उन्होंने कारगिल के युद्ध में देश की आन-बान-शान को बरकरार रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर हर एक माँ की आँखों का तारा बन गए हम उन्हें शत शत नमन करते हैं । इस मौके पर प्रवक्ता बलजिन्दर सिंह खोखर, रोहित कुमार, दलबीर सिंह, हरीश कुमार, सुरेश कुमार, केवल सिंह, अनिल कुमार, कुलदीप कुमार, परगट सिंह, सुरेश कुमार, कल्पना यादव, मीनू रानी, किरण बाला, सुखमोहिंदर कौर सहित स्टॉफ उपस्थित था।

# जयंती पर इंदिरा गांधी को किया नमन

■ इंदिरा गांधी भारत की प्रत्येक बालिका के लिए साहस, आत्मविश्वास और नेतृत्व की जीवंत प्रतीक थी : भगवान दत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** एमपी रोही स्कूल में छात्राओं को संबोधित करते प्राचार्य भगवान दत्त।

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदपुर रोही में एक विशेष प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षाविद् भगवान दत्त ने की। कार्यक्रम में छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और गर्व के साथ इंदिरा गांधी के जीवन, नेतृत्व और योगदान पर विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य भगवान दत्त ने अपने संदेश में कहा कि इंदिरा गांधी केवल एक राजनेता ही नहीं थीं, बल्कि भारत की प्रत्येक बालिका के लिए साहस, आत्मविश्वास और नेतृत्व की जीवंत प्रतीक थीं। उन्होंने छात्राओं को बताया कि इंदिरा गांधी ने अपने जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना किया, परंतु अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, वैज्ञानिक राजनीतिक चेतना और राष्ट्रप्रेम के बल पर वे दुनिया की सबसे सशक्त महिला नेताओं में शामिल हुई। कार्यक्रम में छात्राओं ने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन उन्हें यह विश्वास दिलाता है कि गांव, छोटे कस्बे या साधारण परिवार से आने वाली बालिकाएं भी बड़े सपने देख सकती हैं और देश को दिशा दे सकती हैं।

### प्रेरित किया

इस अवसर पर आयोजित भाषण, पोस्टर मेकिंग और क्विज गतिविधियों में छात्राओं ने इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व से प्रेरित होकर नेतृत्व, निर्णय क्षमता और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व पर अपने विचार साझा किए। प्राचार्य भगवान दत्त ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए वैज्ञानिक सोच अपनाएं, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें, तथा भविष्य में निडर होकर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी करें। स्टाफ सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# लायंस क्लब रतिया सिटी ने विद्यार्थियों को वितरित की जर्सियां, किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया



**रतिया।** विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित करते क्लब सदस्य।

लायंस लायंस क्लब रतिया सिटी द्वारा डिर्स्ट्रिक्ट गवर्नर विशाल बढेरा के मार्गदर्शन में जर्सी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रतिया में क्लब द्वारा 60 बच्चों को जर्सियां वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन राज सिंह कमाना पंजाबी अध्यापक ने किया। लायन क्वेस्ट के चेयर पर्सन गोपालचंद कुलरियां ने अपने संबोधन में क्लब की गतिविधियों और इंटरनेशनल फाउंडेशन के बारे में जानकारी दी। प्रोजेक्ट चेयरमैन वीरभान बंसल ने कहा कि आगे भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे। स्कूल प्रिंसिपल नंदकिशोर ने क्लब सदस्यों का आभार प्रकट किया और आशा प्रकट की कि आने वाले समय में भी ऐसे सेवा कार्य इस स्कूल में करते रहेंगे। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष हरवीर जौड़ा, सचिव राजू अरोड़ा, वरिष्ठ सदस्य वीरभान बंसल, डॉक्टर सोमचंद गोयल, सतीश सरदाना, जोन अध्यक्ष प्रदीप बंसल, वाइस प्रिंसिपल मोनिका जिंदल आदि उपस्थित रहे।



**फतेहाबाद।** विजेता विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते क्रेसंट स्कूल प्रधानाचार्या रितु सिंधु।

### क्रेसंट स्कूल के विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल के विद्यार्थियों ने बाल भवन, फतेहाबाद में आयोजित विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। हिंदी लेखन कला, थाली पूजन/कलश सजावट, रंगोली प्रतियोगिता एवं डक्लामेशन कॉन्टेस्ट जैसे मंचों पर विद्यार्थियों ने अपनी कला, आत्मविश्वास एवं मेहनत का ऐसा मेल प्रस्तुत किया कि दर्शक और निर्णायक दोनों ही उनकी प्रतिभा की प्रशंसा करते नहीं थके। हिंदी लेखन कला प्रतियोगिता में मेधांश ने प्रथम, सिद्धार्थ कुमार ने द्वितीय व थाली पूजन प्रतियोगिता में दृष्टि कुकड़ेजा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डेक्लामेशन प्रतियोगिता में सृष्टि ने तीसरा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रभावशाली अभिव्यक्ति से सभी का ध्यान आकर्षित किया एवं रंगोली प्रतियोगिता में खुशी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे बच्चों की यह सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन एवं निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

# हरिनाम संकीर्तन मंडल का वार्षिक संकीर्तन महासम्मेलन 21 को श्री रघुनाथ मंदिर में

■ प्रभात फेरी का समापन, नगर कीर्तन का आयोजन 20 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** प्रभात फेरी में भाग लेते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

श्री हरिनाम संकीर्तन मंडल ट्रस्ट द्वारा शिव चौक स्थित श्री रघुनाथ मंदिर में 31वें वार्षिक संकीर्तन महासम्मेलन के उपलक्ष्य में निकाली जा रही प्रभात फेरी का आज समापन हुआ। आज प्रभात फेरी में सिरसा से प्रसिद्ध भजन गायक कृष्ण भूटानी ने भाग लिया। प्रधान अशोक मुंजाल ने बताया कि संकीर्तन महासम्मेलन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा 20 नवम्बर को दोपहर 2 बजे श्री रघुनाथ मंदिर से भव्य शोभायात्रा नगर कीर्तन करते हुए शहर के प्रमुख बाजारों से होते हुए वापिस श्री रघुनाथ मंदिर में पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि 21 नवम्बर से वार्षिक संकीर्तन महासम्मेलन का शुभारम्भ होगा, जिसमें वृंदावन से पधारे धीरज कृष्ण शास्त्री श्रद्धालुओं को श्री भक्तमाल कथा श्रवण करवाएंगे। उन्होंने बताया कि 21 नवंबर को साध्वी पूर्णिमा, पूनम दीदी, 22 नवंबर को रवि राज ग्रोवर तथा 23 नवंबर को कृष्ण दास भूटानी तथा श्याम भूटानी हरि इच्छा तक भजनों से श्रद्धालुओं को सराबोर करेंगे। उन्होंने बताया कि 22 नवंबर रात्रि 9 बजे गोवर्धन पूजा और प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### मनरेगा मजदूर व मेट 24 को करेंगे प्रदर्शन

**फतेहाबाद।** मनरेगा के तहत बंद पड़े काम को शुरू करवाने की मांग को लेकर मनरेगा मजदूरों व मेट द्वारा 24 नवंबर को फतेहाबाद में रोष प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन करते हुए मनरेगा मजदूर व मेट लघु सचिवालय पहुंचेंगे और उपायुक्त को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर ब्लाक फतेहाबाद के मनरेगा मेटों की बैठक हुई। बैठक में प्रदर्शन में मजदूरों व मेटों की अधिक से अधिक भागीदारी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित मनरेगा मेट रमेश, मनी राम, सुखदेव, अर्जन, नजमा, कुलदीप, प्रेम सिंह, अनिल कुमार, विनोद, सुभाष, संतोष रानी, सतपाल, पवन कुमार, देशराज सहित मनरेगा मजदूरों ने कहा कि पिछले दो माह से मनरेगा का काम बंद है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पहले ही बेरोजगारी चरम सीमा पर है। मजदूरों और मेटों के सामने मनरेगा के तहत मिलने वाला काम ही उनकी रोजी-रोटी का साधन है, लेकिन सरकार घोटाले के नाम पर मनरेगा के काम को बंद किए बैठी है।



**फतेहाबाद।** बैठक में भाग लेते मनरेगा मेट। फोटो : हरिभूमि

## खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी व गीता महोत्सव का आयोजन

# विद्यार्थियों के आकर्षक मॉडल्स देखकर आश्चर्य चकित हुआ अतिथि

*विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को शिक्षकों ने आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां



**ओढां।** विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए निर्णायक मंडल के सदस्य।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिठड़ी में खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी व गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। सस्टेनेबल एग्रीकल्चर में प्रथम जीएसएसएस जलालआना, वेस्ट मैनेजमेंट में प्रथम जीएसएसएस देसू मलकाना, रोबोटिक्स में प्रथम जीएसएसएस पीपली, इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में प्रथम जीएमएस कालांवाली, स्पेस एंड साइंस में प्रथम जीएमएस किंगरा, हैल्थ एंड हाइजीन में प्रथम जीएसएसएस देसू मलकाना, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में प्रथम जीएसएसएस मिठड़ी रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता की अलग अलग विधाओं में वेस्ट मैनेजमेंट में प्रथम जीजीएचएस पन्नीवाला मोटा, सस्टैनेबल एग्रीकल्चर में प्रथम एएमएसएसएस जलालआना, रोबोटिक्स में प्रथम जीएसएसएस केवल, इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में प्रथम एएमएसएसएस जलालआना, स्पेस एंड साइंस में प्रथम पीएम श्री जीएसएसएस पन्नीवाला मोटा, हेल्थ एंड हाइजीन में प्रथम एएमएसएसएस जलालआना, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में प्रथम जीएसएसएस देसू मलकाना, मॉडल मेकिंग की अलग अलग विधाओं में सस्टेनेबल एग्रीकल्चर में प्रथम जीएचएस आनन्दगढ़, वेस्ट मैनेजमेंट में प्रथम जीएसएसएस पीपली, रोबोटिक्स में प्रथम जीएसएसएस मिठड़ी, इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में प्रथम जीएसएसएस मिठड़ी, स्पेस एंड साइंस में प्रथम जीएसएसएस मिठड़ी, हेल्थ एंड हाइजीन में प्रथम जीएसएसएस मिठड़ी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में प्रथम जीएसएसएस मिठड़ी रहे।

### कार्यक्रम की सफलता पर धन्यवाद

गीता महोत्सव में कक्षा 6वीं से 8वीं व 9वीं से 12वीं दो वर्गों में वर्गीकृत किया गया। जिसमें अलग अलग विधाओं में से प्रश्नोतरी प्रतियोगिता (6-8) में प्रथम जीजीएमएस कालांवाली व (9-12) में प्रथम पीएम श्री जीएसएसएस ओढ़ा, भाषण प्रतियोगिता (9-12) में प्रथम जीएसएसएस जगमालवाली, चित्रकला प्रतियोगिता (6-8) में प्रथम जीएमएस असीर व (9-12) में प्रथम जीएसएसएस चोरमार खेड़ा, संवाद प्रतियोगिता (6-8) में प्रथम पीएम श्री जीएसएसएस ओढ़ा व (9-12) में प्रथम पीएम श्री जीएसएसएस ओढ़ा, निबंध प्रतियोगिता (6-8) में प्रथम जीजीएमएस कालांवाली व (9-12) में प्रथम जीएसएसएस जगमालवाली, श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता (6-8) में प्रथम जीजीएमएस कालांवाली व (9-12) में प्रथम पीएम श्री जीएसएसएस ओढ़ा रहे। कार्यक्रम में ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया और प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त किए। पूरा कार्यक्रम नोडल अधिकारी जितेन्द्र गर्ग की देखरेख में किया गया, मंच संचालन डॉ सुखचैन सिंह द्वारा किया गया और कार्यक्रम के दौरान अलग अलग स्कूलों से आए हुए अध्यापकों व सभी विद्यार्थियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी जितेंद्र गर्ग ने सभी स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद किया।

### अग्निवीर के चयनितों की सूची जारी

**फतेहाबाद।** सेना भर्ती कार्यालय, हिसार द्वारा आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में भाग लेने वाले अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क और अग्निवीर ट्रेड्समैन श्रेणी के चयनित उम्मीदवारों की सूची 18 नवंबर को वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ज्वाइनइंडियनआर्मी डॉट एनआईसी डॉट आईएन पर प्रकाशित कर दी गई है। भर्ती निदेशक, सेना भर्ती कार्यालय, हिसार ने चयनित उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कहा कि चयनित उम्मीदवार 22 नवंबर, 2025 को सुबह 8 बजे सेना भर्ती कार्यालय, हिसार में अपने सभी मूल दस्तावेज के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित हो। सैनिक भर्ती कार्यालय द्वारा अभ्यर्थियों से समय पर पहुंचने की अपील की है ताकि आगे की प्रक्रिया सूचारू रूप से पूरी की जा सके।